राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस नोट :–

दिनांक :– **15-06-2022**

आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) विभाग के लिए टीएसपी एवं नॉनटीएसपी क्षेत्र के पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 05/2022–23 दिनांक 18.05.2022 को जारी किया गया जिसके तहत् ऑनलाईन आवेदन की अवधि दिनांक 23.05.2022 से 21.06.2022 के मध्य रखी गयी। विभाग द्वारा पदों की संख्या में वृद्धि करने के साथ ही टीएसपी क्षेत्र में गणित विषय के लिए भी पदों का वर्गीकरण भिजवाया गया है जबकि पूर्व में जारी विज्ञापन में टीएसपी क्षेत्र में गणित विषय के पद विज्ञापित नहीं किये गये थें। अतः पदों के ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 23.06.2022 तक बढाई जाती है। उक्त पदों के सभी विषयों के वर्गवार वर्गीकरण के लिए शुद्धि पत्र संख्या 04/2022–23 आयोग की वेब–साईट पर जारी कर दिया गया है जिसका अवलोकन अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते हैं। **उक्त ऑनलाईन आवेदन की अवधि के पश्चात् लिंक स्वतः निष्क्रिय हो जाएगा। अतः अभ्यर्थी यथा समय अपना ऑनलाईन आवेदन भरना सुनिश्चित करें।**

(आशुतोष गुप्ता)
संयुक्त सचिव